# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

संवेदक Yugalbrij Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1220240), C/O-Yugal Kishor Singh, Chainpur, Charihara, Masrakh, Marhawra, Dist-Saran, Pin-841417 को ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मढ़ौरा के अधीन MMGSY योजनान्तर्गत रसौली शिव मंदिर से नोनिया डीह पथ निर्माण कार्य आवंटित किया गया।

एकरारनामा (एकरारनामा संख्या–78 MMGSY(SC)/SBD-2021-22) के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 06.08.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.05.2022 है। वास्तविक रूप से कार्य समाप्ति की तिथि भी 05.05.2022 है।

एकरानामा के अनुसार एकरारनामा की राशि निर्माण कार्य मद में 58,89,226/– रू0 एवं अनुरक्षण मद की राशि 1,68,097/– रू0 है। साथ ही पथ की कुल लंबाई 0.64 कि0मी0 है।

उक्त एकरारनामा से आच्छादित प्रश्नगत पथ का निर्माण मुखिया/जिला योजना द्वारा किये जाने के उपरांत स्वीकृत रेखांकन के लक्षित बसावट को संपर्कता प्राप्त हो गई, जिसके कारण पुनः उक्त आरेखन पर पथ निर्माण किया जाना उचित नहीं था।

संवेदक Yugalbrij Construction Pvt. Ltd. द्वारा एकरारनामा में प्रावधानित लंबाई कुल 0.64 कि0मी0 पथ का निर्माण परिवर्तित अस्वीकृत रेखांकन पर रसौली पश्चिम टोला पथ से रसौली सीवाना तक खुले मैदान(Open Area) में कराया गया, जिससे किसी भी टोला/बसावट को सम्पर्कता प्राप्त नहीं हो रही है।

उक्त कराये गये कार्य के विरूद्ध तत्कालीन कार्यपालक अभियंता द्वारा संवेदक को कुल 29,40,238/– रू0 मात्र का भुगतान(निष्फल व्यय) किया जा चुका है। शेष लंबित राशि एवं उक्त पथ में कराये गये अनुरक्षण कार्य का भुगतान किये जाने हेतु संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC NO-16318/2024 युगल बृज बनाम बिहार राज्य एवं अन्य दायर किया गया है, जो माननीय उच्च न्यायालय, पटना में लंबित है।

एकरारनामा की शर्त्तों का उल्लंघन करके अस्वीकृत रेखांकन पर पथ निर्माण किये जाने के कारण संवेदक Yugalbrij Construction Pvt. Ltd. के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की कंडिका 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान ***"एकरारनामा एवं विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक"*** के तहत कार्रवाई किये जाने के निमित संवेदक से विभागीय पत्रांक 5505 अनु0 दिनांक 23.05.2025, पत्रांक 6226 दिनांक 18.06.2025, एवं पत्रांक 8343 अनु0 दिनांक 01.08.2025 द्वारा संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

उपर्युक्त वर्णित पत्रों के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 02.06.2025, 21.06.2025 एवं दिनांक 21.08.2025 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए संदर्भित न्यायिक वाद के माननीय उच्च न्यायालय, पटना में लंबित रहने का कारण बताते हुए उक्त वाद के निष्पादित होने तक उनके विरूद्ध कार्रवाई न करने का अनुरोध किया गया है।

ज्ञातव्य है, कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC NO-16318/2024 युगल बृज बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में संवेदक के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत किसी प्रकार दण्डात्मक कार्रवाई किये जाने पर कोई रोक (Stay) नही लगाया गया है।

P.T.O.

वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा संदर्भित मामले में कोई स्थगन आदेश अबतक जारी नहीं किया गया है, जबकि संवेदक द्वारा बार–बार अपने स्पष्टीकरण में उक्त वाद के लंबित रहने का बहाना बनाते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई नहीं किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा आरोप के बिंदु पर जवाब देने के बजाय मामले को लंबा खींचने का प्रयास किया जा रहा है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक Yugalbrij Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1220240) द्वारा कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के अधीन आवंटित पथ निर्माण में एकरारनामा की शर्त्तों का अनुपालन नहीं करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के कंडिका 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के तहत संवेदक को 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

26.09.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–19/2025 10443 /पटना, दिनांकः– 29.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–19/2025 10443 /पटना, दिनांकः–29.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–19/2025 10443 /पटना, दिनांकः–29.9.25

निबंधित

प्रतिलिपिः– Yugalbrij Construction Pvt. Ltd.(Regd. No-1220240), C/O-Yugal Kishor Singh, Chainpur, Charihara, Masrakh, Marhawra, Dist-Saran, Pin-841417 को सूचनार्थ प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख